**श्रीमती अनिता यादव, मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या द्वारा समीक्षा बैठक दिनांक– 12.10.2022 की कार्यवृत्ति / दिये गये महत्त्वपूर्ण निर्देश बिन्दु।**

दिनांक 12.10.2022 को विकास भवन स्थित कार्यालय कक्ष में अधोहस्ताक्षरी द्वारा हर घर जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर जल के संबंध में प्रगति की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम, सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता जल निगम, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 तथा चयनित एजेन्सी मेसर्स गायत्री रैम्की (जे0बी0), मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विस के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में की गयी चर्चा एवं दिये गये निर्देशानुसार सभी संबंधित अधिकारी कृपया निम्न बिन्दुओं पर तत्काल अपेक्षित कार्यवाही करते हुए अनुपालन आख्या प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

- जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद अयोध्या में 3,66,040 Total rural household हैं, परन्तु अभी तक 22004 household tap connections कराये गये है, जो कि कुल household tap connections का 6.01 प्रतिशत है। FHTC Progress report में भी दिनांक 05.10.22 से दिनांक 11.10.22 तक मात्र 676 household tap connections कराए गए है, जो कि लक्ष्य के सापेक्ष बहुत ही कम है।
- मेसर्स गायत्री रैम्की(जे0बी0) को विगत कई बैठकों में निर्देश दिए जाने के बाद भी अब तक 36 स्थलों पर चल रहे कार्य एवं इनको निर्धारित लक्ष्य 23254 के सापेक्ष मात्र लगभग 6000 household tap connections ही कराया गया है, जो कि कार्य में रूचि न लेने एवं कार्यो में लापरवाही एवं शिथिलता बरते जाने की स्थिति को प्रदर्शित करता है। अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम को मेसर्स गायत्री रैम्की (जे0बी0) के मैनेजर के विरूद्ध इनकी प्रगति से अवगत कराते हुए इनके फर्म को नोटिस भेजने के निर्देश दिए गए।
- मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विस लि0, को एस0डब्लू0एस0एम0 द्वारा अब तक 94 प्राक्कलन स्वीकृत हो चुके है, जिसके सापेक्ष मात्र अब तक 02 स्थलों पर ही कार्य चल रहा है। उक्त के क्रम में मेसर्स यूनिवर्सल के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि अभी तक material न प्राप्त होने के कारण शेष जगहों पर कार्य शुरू नहीं कराया गया है, material प्राप्त होने के उपरान्त अधिक से अधिक जगहों पर कार्य प्रारम्भ हो जाएगा।
- मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 द्वारा इस डी0डब्ल्यू0एस0एम0 की बैठक में एक भी डी0पी0आर0 स्वीकृति हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया है, जबकि रिपोर्ट में 244 डी0पी0आर0 फर्म द्वारा विरचित किये जा चुके है, जिसके सापेक्ष डी0डब्ल्यू0एस0एम0 द्वारा 164 डी0पी0आर0 स्वीकृत किये जा चुके है। अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम एवं मेसर्स वी0एस0ए0 के प्रतिनिधि से लम्बित 80 डी0पी0आर0 के बारे में पूछा गया कि 80 डी0पी0आर0 किसके स्तर पर और क्यों अभी तक लम्बित है, सम्बन्धित के द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया, जिस पर असंतोष व्यक्त किया गया। साथ ही अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम को मेसर्स वी0एस0ए0 को 80 डी0पी0आर0 के अंतर के सम्बन्ध में नोटिस भेजने के निर्देश दिए गए।
- एस0डब्ल्यू0एस0एम0 द्वारा 128 डी0पी0आर0 मेसर्स वी0एस0ए0 को स्वीकृत किये जा चुके है, जिसके सापेक्ष मात्र 25 स्थलों पर ही इनके द्वारा कार्य कराया जा रहा है, जो

कि बहुत ही कम है। अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम को मेसर्स वी0एस0ए0 को कम स्थलों पर कार्य कराने के सम्बन्ध में नोटिस निर्गत करने के निर्देश दिए गए।

- मेसर्स गायत्री रैम्की(जे0बी0), मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विस लि0 एवं मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 के प्रतिनिधि को अधिक से अधिक household tap connections कराने के निर्देश दिए गए।
- डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि भूमि उपलब्धता की जॉच कराएं एवं भूमि उपलब्धता के आधार पर अवशेष डी0पी0आर0 तीन दिवस के अन्दर स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करें। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि जो डी0पी0आर0 स्वीकृत है, वहॉ कवर्ड एग्रीमेन्ट तैयार कर कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें, जिससे tap connections की प्रगति में गति लायी जा सके।
- अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि जो रोड tap connections के उपरान्त खराब हो रही है, उसे मानक के अनुरूप ठीक कराएं एवं उनकी नियमित जॉच के साथ सम्बन्धित एजेन्सीज से फोटो भी मंगवाते रहें।

बैठक के अन्त में सभी संबंधित को दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

(अनिता यादव)
मुख्य विकास अधिकारी,
अयोध्या।

कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या।

पत्रांक– 1051 /समीक्षा बैठक–निर्देश/2022–23 दिनांक 14 अक्टूबर 2022

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– जिलाधिकारी, महोदय, अयोध्या को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2– अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम, अयोध्या को अनुपालनार्थ।
3– डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0, अयोध्या को अनुपालनार्थ।
4– मेसर्स गायत्री रैम्की(जे0बी0), मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विस, मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 द्वारा अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम को अनुपालनार्थ।

मुख्य विकास अधिकारी,
अयोध्या।